सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
माघ 01, बुधवार, *शाके* 1947- जनवरी 21, 2026 Magha 01, Wednesday, Saka 1947- January 21, 2026	

भाग 6 (ख)

जिला बोर्डो, परिषदों एवं नगर आयोजना संबंधी, विज्ञप्तियां आदि

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

अधिसूचना

जयपुर, नवम्बर 27, 2025

(जविप्रा अधिनियम की धारा25 (4) देखें)

संख्या जविप्रा/उपा-7/2025/डी-2411 :-जयपुर विकास प्राधिकरण अधिनियम 1982 की धारा 25 की उपधारा (3) के अनुसरण में जयपुर विकास प्राधिकरण क्षेत्र में स्थित जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित नवजीवन गृ.नि.स.स. की योजना विद्युत नगर-ए के भूखण्ड संख्या-286 क्षेत्रफल 180.55 वर्गगज जिसका भू-उपयोग मास्टर विकास योजना-2025व जोनल विकास योजना-04के अनुसार मिश्रित दर्शाया गया है, का आवासीय से मिश्रित भू-उपयोग परिवर्तन प्रस्तावित किये जाने बाबत् अधिसूचना दिनांक 03.01.2025 द्वारा आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये गये थे। जिसमें 15 दिवस की निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं हुए। प्रकरण में भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने की सशर्त स्वीकृति प्रदान की गई है।

<u>उपान्तरण</u>

जयपुर विकास प्राधिकरण अधिनियम 1982 की धारा 25 की उपधारा 1के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जविप्रा में स्थित जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित नवजीवन गृ.नि.स.स. की योजना विद्युत नगर-ए के भूखण्ड संख्या-286 क्षेत्रफल 180.55 वर्गगज जिसका भू-उपयोग मास्टर विकास योजना-2025 व जोनल विकास योजना-04 के अनुसार मिश्रित दर्शाया गया है, का भू-उपयोग उपान्तरण मास्टर प्लान-2025 के अनुसार मिश्रित प्रयोजनार्थ किया जाता है।

यह अधिसूचना आज दिनांक 27.11.2025 को जारी की गई।

निशान्त जैन,

सचिव।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।